Rapid Fire करेंट अफेयर्स (10 October)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-october-10

1. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

10 अक्तूबर को दुनियाभर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का **दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग** मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिये सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है-

- नुक्कड़ नाटक
- छात्रों के साथ गहन चर्चा सत्र
- रन फॉर हैपीनेस
- टॉक-शो
- ह्यूमन चेन स्माइली
- विषय संबंधी विभिन्न पोस्टरों को संस्थानों में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाता है
- विभिन्न फैकल्टी सदस्यों के साथ गोष्ठियों का आयोजन
- नाटक, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित जागरूकता गतिविधियाँ
- अवसाद,आत्मघाती रुझानों से उबरने वाले व्यक्तियों के प्रयासों का प्रचार और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की उनकी कहानियाँ
- संस्थानों के पड़ोस में स्थित विभिन्न गैर-सरकारी संस्थानों को जागरूक बनाना
- अभिभावकों और युवाओं को जागरूक बनाने के लिये रिहायशी इलाकों में बैठकों का आयोजन

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP)

भारत में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) की शुरुआत वर्ष 1982 में हुई थी। इसका उद्देश्य सभी को न्यूनतम मानसिक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध और सुलभ कराना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान के बारे में जागरूकता लाना तथा मानसिक स्वास्थ्य सेवा के विकास में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना एवं समुदाय में स्वयं-सहायता को प्रोत्साहित करना है। पहली बार यह दिवस वर्ष 1992 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेंटल हेल्थ की पहल पर मनाया गया था, जो 150 से अधिक देशों में सदस्यों और संपर्कों के साथ एक **वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संगठन** है।

इस वर्ष इस दिवस की थीम आत्महत्या रोकें (Suicide Prevention) रखी गई है।

2. भारत-फ्राँस के बीच दूसरी वार्षिक रक्षा वार्ता

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी हालिया फ्राँस यात्रा के दौरान 8 अक्तूबर को पेरिस में फ्राँस के सैन्य बलों की मंत्री **सुश्री फ्लोरेंस पार्ली** के साथ **दूसरी भारत-फ्राँस मंत्री स्तरीय वार्षिक रक्षा वार्ता** में हिस्सा लिया।

वार्ता के प्रमुख बिंदु

- वार्षिक रक्षा वार्ता के दौरान दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर व्यापक समीक्षा की। रक्षा सहयोग भारत-फ्राँस रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख स्तंभ है।
- दोनों रक्षा मंत्रियों ने वर्तमान क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।
- रक्षा से संबंधित आधिकारिक और संचालन स्तर पर बातचीत को और भी सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की गई।
- दोनों देशों ने संयुक्त रक्षा अभ्यासों- **शक्ति, वरुण और गरुड़** के कार्य क्षेत्र को विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की है।
- दोनों देशों ने स्वीकार किया कि हिंद महासागर क्षेत्र में **भारत-फ्राँस साझेदारी** रणनीतिक और सुरक्षा हितों को संरक्षित करने तथा बढ़ावा देने के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- दोनों मंत्रियों ने हिंद महासागर क्षेत्र में भारत-फ्राँस सहयोग के **संयुक्त रणनीतिक विज़न** (मार्च 2018) में उल्लिखित कार्यों को जारी रखने की बात कही।
- आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय सहयोग को और मज़बूत करने की भी पुष्टि की गई।

---

3. रेडियो और टेलीविज़न के क्षेत्र में भारत एवं विदेशी प्रसारकों के बीच समझौते को मंज़ूरी

केंद्र सरकार ने रेडियो और टेलीविज़न के क्षेत्र में भारत तथा विदेशी प्रसारकों के बीच समझौते को पूर्व-प्रभाव से मंज़ूरी दे दी है।

क्या होगा लाभ?

विदेशी प्रसारकों के साथ समझौते से निम्नलिखित क्षेत्र में मदद मिलेगी-

- सार्वजनिक प्रसारक को नए दृष्टिकोण तलाशने में मदद मिलेगी,
- नई प्रौद्योगिकियों और कड़ी प्रतियोगिता से जुड़ी मांगों को पूरा करने के लिये नई रणनीतियों के संदर्भ में
- समाचार माध्यम के उदारीकरण में
- वैश्वीकरण में।

मुख्य प्रभाव

परस्पर आदान-प्रदान, सह-उत्पादक के माध्यम से तैयार किये गए कार्यक्रमों के प्रसारण से दूरदर्शन और आकाशवाणी के दर्शकों/श्रोताओं के बीच समता तथा समावेशन का वातावरण तैयार होगा। तकनीकी जानकारी, विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और कामगारों के प्रशिक्षण से सार्वजनिक प्रसारकों को प्रसारण के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी।